INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 14	**Topic: Paragraph Worksheet**	**Note: Pl. file in portfolio**

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए:-

एक पेड़ पर एक चिड़िया अपने पति के साथ रहा करती थी। चिड़िया ने उस पेड़ पर अंडे दिए थे। वह सारा दिन अपने घोंसले में बैठकर अपने अंडे सेती रहती थी और उसका पति दोनों के लिए खाने का इंतजाम करता था। वो दोनों बहुत खुश थे । एक दिन चिड़िया का पति दाने की तलाश में अपने घोंसलें से दूर गया हुआ था और चिड़िया अपने अंडों की देखभाल कर रही थी। तभी वहाँ एक हाथी मदमस्त चाल चलते हुए आया और पेड़ की शाखाओं को तोड़ने लगा। हाथी ने चिड़िया का घोंसला गिरा दिया, जिससे उसके सारे अंडे फूट गए। चिड़िया को बहुत दुख हुआ। उसे हाथी पर बहुत गुस्सा आ रहा था। जब चिड़िया का पति वापस आया, तो उसने देखा कि चिड़िया हाथी द्वारा तोड़ी गई शाखा पर बैठी रो रही है। चिड़िया ने पूरी घटना अपने पति को बताई, वह भी बहुत दुखी हुआ। उन दोनों ने घमंडी हाथी को सबक सिखाने का निर्णय लिया। सबसे पहले वो दोनों अपने एक दोस्त कठफोड़वा के पास गए और उसे सारी बात बताई। कठफोड़वा बोला कि हाथी को सबक मिलना ही चाहिए। कठफोड़वा के दो दोस्त और थे, जिनमें से एक मधुमक्खी थी और एक मेंढक था। उन तीनों ने मिलकर हाथी को सबक सिखाने की योजना बनाई, जो चिड़िया को बहुत पसंद आई। अपनी योजना के अनुसार सबसे पहले मधुमक्खी ने हाथी के कान में गुनगुनाना शुरू किया। हाथी जब मधुमक्खी की मधुर आवाज में खो गया, तो कठफोड़वे ने आकर हाथी की दोनों आँखें फोड़ दी। हाथी दर्द के मारे चिल्लाने लगा और तभी मेंढक अपने परिवार के साथ आया और एक दलदल के पास टर्रटराने लगा। हाथी को लगा कि यहाँ पास में कोई तालाब होगा। वह पानी पीना चाहता था, इसलिए दलदल में जाकर फँस गया। इस तरह चिड़िया ने मधुमक्खी, कठफोड़वा और मेंढक की मदद से हाथी से बदला ले लिया।

सीख –एकता और विवेक द्वारा बड़ी से बड़ी मुसीबत का सामना किया जा सकता है ।

प्रश्न -1 - एक चिड़िया अपने पति के साथ कहाँ रहा करती थी?

* एक पेड़ पर * एक इमारत पर

* एक घर की छत पर * एक पहाड़ पर

प्रश्न - 2 - वह सारा दिन अपने घोंसले में बैठकर क्या करती थी?

* सोचती रहती थी * अपने अंडे सेती रहती थी

* खाती रहती थी * सोती रहती थी

प्रश्न - 3 - एक दिन चिड़िया का पति दाने की तलाश में कहाँ गया हुआ था?

* अपने मित्रों से दूर * अपने घोंसलें से दूर

* अपने परिवार से दूर * अपने बच्चों से दूर

प्रश्न - 4 - पेड़ की शाखाओं को किसने तोड़ा?

* शेर ने * बंदर ने * हाथी ने * जिराफ़ ने

प्रश्न - 5 - जब चिड़िया का पति वापस आया, तो उसने देखा कि --------

* चिड़िया हाथी द्वारा तोड़ी गई शाखा पर बैठी रो रही है।
* चिड़िया हाथी द्वारा तोड़ी गई शाखा पर बैठी गा रही है।
* चिड़िया हाथी द्वारा तोड़ी गई शाखा पर बैठी खा रही है।
* चिड़िया हाथी द्वारा तोड़ी गई शाखा पर बैठी सो रही है।

प्रश्न - 6 -उन दोनों ने किस को सबक सिखाने का निर्णय लिया?

* घमंडी हाथी को * घमंडी शेर को * घमंडी जिराफ़ को *घमंडी चूहे को

प्रश्न -7- सबसे पहले वो दोनों (चिड़िया और उसका पति) किसके पास गए ?

* अपने एक दोस्त कठफोड़वा के पास * अपने एक दोस्त तोते के पास

* अपने एक दोस्त मोर के पास * अपने एक दोस्त कबूतर के पास

प्रश्न - 8- कठफोड़वा के दो दोस्त कौन थे ?

* मधुमक्खी और मेंढक * मधुमक्खी और तितली

* कछुआ और मेंढक * गीदड़ और मेंढक

प्रश्न -9 - सबसे पहले किसने हाथी के कान में गुनगुनाना शुरू किया?

* मधुमक्खी ने * कोयल ने * मोरनी ने *चिड़िया ने

प्रश्न -10 - इस गद्यांश से हमें सीख मिलती है कि------------

* एकता और विवेक द्वारा बड़ी से बड़ी मुसीबत का सामना किया जा सकता है।
* बेईमानीऔर धोखे द्वारा बड़ी से बड़ी मुसीबत का सामना किया जा सकता है।
* छल और कपट द्वारा बड़ी से बड़ी मुसीबत का सामना किया जा सकता है।
* लडाई और झगड़े द्वारा बड़ी से बड़ी मुसीबत का सामना किया जा सकता है।

****